**CBSE Class–5 Hindi**

**NCERT Solutions**

रिमझिम पाठ- 9. एक माँ की बेबसी

कविता से

**प्रश्न 1. यह बच्चा कवि के पडोस में रहता था, फिर भी कविता 'अदृश्य पडोस' से शुरू होती है| इसके कईअर्थ हो सकते है, जैसे-**

**(क) कवि को मालूम नहीं था कि वह बच्चा ठीक ठीक किस घर में रहता था|**

**(ख) पड़ोस में रहने वाले बाकी बच्चे एक-दूसरे से बात करते थे, पर यह बच्चा बोल नहीं पाता था इसलिए पड़ोसी होने के बावजूद वह दूसरे बच्चों के लिए अनजाना था|**

**इन दो में से कौन-सा अर्थ तुम्हें ज्यादा सही लगता है? क्या कोई और अर्थ भी हो सकता है?**

**उत्तर-** रतन नामक गूंगा बच्चा कवि के पड़ोस में रहता था फिर भी कविता 'अदृश्य पड़ोस' से शुरू होती है क्योंकि पड़ोस में रहने वाले बाकी बच्चे एक दूसरे से बात करते थे पर वह बच्चा बोल नहीं सकता था| इसलिए पड़ोसी होने के बावजूद वह दूसरे बच्चों के लिए अनजान था|

इसका दूसरा अर्थ यह भी हो सकता है कि कवि ने उस बच्चे को पहली बार देखा हो जब वह खेलने आया|

**प्रश्न 2. 'अंदर की छटपटाहट ' उसकी आंखों में किस रूप में प्रकट होती थी?**

**(क) चमक के रूप में**

**(ख) डर के रूप में**

**(ग) जल्दी घर लौटने की इच्छा के रूप में**

**उत्तर-** जल्दी घर लौटने के रूप में

तरह - तरह की भावनाएं

**प्रश्न 1. नीचे लिखी भावनाएं कब या कहाँ महसूस होती है?**

**(क) 'छटपटाहट'**

**• अधीरता - कहीं जाने की जल्दी हो और जाना संभव न हो जैसे - स्कूल की छुट्टी में अभी काफी देर हो , घर पर ऐसा कोई मेहमान आने वाला हो जिसे तुम बहुत पसंद हो**

**• इच्छा - किसी चीज को पाने की इच्छा हो पर वह तुरंत न मिल सकती हो जाए जैसे भूख लगी है , पर खाना तैयार न हो|**

**• संदेश - हम कोई संदेश देना चाहते हैं पर दूसरे समझ नहीं पा रहे हो जैसे शिक्षक से कहना हो कि घंटी बज गई है अब पढ़ना बंद करें पर उन्हें घंटी सुनाई न दी हो|**

**इनमे से कौन सा इस बच्चे पर लागू होता है?**

**(ख) घबराहट**

**हमें जब किसी बात की आशंका हो तो घबराहट महसूस होती है| जैसे –**

**(क) अंधेरा होने वाला है और हम घर से काफी दूरी अकेले हो**

**(ख) समय हमें कोई काम पूरा कर लेना हो - जैसे परीक्षा में देखा जाता है**

**(ग) यह डर हो कि दूसरे के मन में क्या चल रहा है|**

**जैसे - पापा को मालूम चल गया हो कि  काँच का गिलास तुमसे टुटा है|**

**उत्तर-**(क)इन भावनाओं में से **छटपटाहट** तब होती है जब हमारी इच्छा के अनुसार कोई कार्य नहीं होता है| जबकि **घबराहट** कोई गलत काम करने  या डर के कारण होती है| ये भावनाएँ घर, स्कूल आदि में महसूस होती है|

इनमें से **संदेश** का **संदर्भ** बच्चे पर लागू होता है क्योंकि यह बच्चा मुंह से कुछ नहीं बोल सकता और अपना संदेश दूसरो तक पहुँचाने लिए इशारे का प्रयोग करता है| लेकिन इसके इशारे किसी को समझ नहीं आते इसलिए बच्चा छटपटाता रहता है|

**प्रश्न 2. जो बच्चा बोल नही सकता, वह किस किस बात की आशंका से 'घबराहट' महसूस कर सकता है?**

**उत्तर-** जो बच्चा बोल नहीं सकता वह इस आशंका से 'घबराहट' महसूस कर सकता है कि अन्य लोग उसकी बात समझ पाएंगे और अगर उसने अपनी बात दूसरे लोगों को समझानी है तो वह किस प्रकार से समझाएगा|

**प्रश्न 3. 'थोड़ा घबराते भी थे हम उससे क्योंकि वह समझ नही पाते थे उसकी घबराहटो को"**

**• रतन क्या सोचकर घबराता होगा?**

**उत्तर-** रतन अपनी बात इशारों से समझाता था| लेकिन जब उसकी बात अन्य लोग नहीं समझ पाते थे, तब वह घबराता होगा|

**• दोस्तों से पूछकर पता करो , कौन क्या सोच को लोग इस काम को करने से घबराता है ? कारण भी पता करो |**

| दोस्त /सहेली का नाम | किस बात से घबराता है | घबराने का कारण |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

**उत्तर-**

| दोस्त/सहेली का नाम | किस बात से घबराता है | घबराने का कारण |
|---|---|---|
| विनीत | अँधेरे से | कहीं अँधेरे में कोई आ न जाए| |
| प्रिय | बीमारी से | बहुत सी दवाइयाँ खानी पड़ेंगी| |
| रजत | ऊँचाई से | कहीं गिर न जाऊं |
| अविनाश | पानी से | कहीं डूब न जाऊ| |
| अक्षित | आग से | खी जल न जाऊं |

**भासा के रंग**

**प्रश्न 1. कवि ने इस बच्चे को ‘टूटे खिलौने’ की तरह बताया| जब कोई खिलौना टूट जाता है तो वह उस तरह के कम नहीं कर पाटा जिस तरह से पहले करता था| संदर्भ के अनुसार खली स्थान भरो|**

| खिलौना | टूटने का कारण | नतीजा |
|---|---|---|
| लूडो | ……….. | ………… |
| गाड़ी | पहिया निकल जाने पर | चल नहीं पाती |
| गुड़िया | सीटी निकल जाने पर | …………. |
| गेंद | ………. | …………. |
| जोकर | चाबी निकल जाने पर | …………. |

**उत्तर-**

| खिलौना | टूटने का कारण | नतीजा |
|---|---|---|
| लूडो | गत्ता गीला हो जाने पर | खेल नहीं सकते |
| गाड़ी | पहिया निकल जाने पर | चल नहीं पाती |
| गुड़िया | सीटी निकल जाने पर | बज नहीं पाती |
| गेंद | पिचक जाने पर | उछल नहीं पाती |
| जोकर | चाबी निकल जाने पर | चल नहीं पाता |

**प्रश्न 2. ‘बेबस’ शब्द ‘बे’ और ‘वश’ को जोड़कर बना है| यहाँ बे का अर्थ ‘बिना’ है| नीचे दिए शब्दों में यही ‘बे’ छिपा है इस सूची में तुम और कितने शब्द जोड़ सकती हो?**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **बेजान**<br>**बेसहारा** | **बेचैन**<br>**बेहिसाब** | …….<br>…….. | ……….<br>………. |

**उत्तर-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बेजान<br>बेसहारा | बेचैन<br>बेहिसाब | बेईमान<br>बेखौफ़ | बेकार<br>बेघर | बेनाम<br>बेचारा |

**देखने के तरीके**

**प्रश्न 1. इस कविता में देखने से संबंधित कई शब्द आए हैं| ऐसे छह शब्द छाँटकर लिखो|**

**उत्तर-** अदृश्य, देखना, इशारे, आंखें, निहारती, झलकती|

**प्रश्न 2. “मां की आंखों में झलकती उसकी बेबसी”**

**आंखें बहुत कुछ कहती है| वह तरह-तरह के भाव लिए होती है| नीचे ऐसी कुछ आंखों का वर्णन है इसमें कौन-सी नजरें तुम**

**पहचानते हो-**

**• सहमी नजरें**

**• प्यार भरी नजरें**

**• क्रोध भरी आँखे**

**• उनींदी आँखे**

**• शरारती आँखे**

**• डरावनी आंखें**

**उ त्तर-** हम इन सभी नजरों को पहचाते हैं जैसे सहमी नजरें, प्यार भरी नजरें, क्रोध भरी आँखे, उनींदी आँखे,शरारती आँखें, डरावनी आँखें|

**प्रश्न 3. नीचे आंखों से जुड़े कुछ मुहावरे दिए गए हैं| तुम इनका प्रयोग किन संर्दभो में करोगे?**

**• आंख दिखाना**

**• नजर चुराना**

**• आँख का तारा**

**• नजरे फेर लेना**

**• आंखों पर परदा पडना**

**उत्तर-**

| **मुहावरे** | **वाक्य प्रयोग** |
|---|---|
| **आंख दिखाना** | मुझे आँखें मत दिखाओ| |
| **नजर चुराना** | गलती करोगे, तो नजरे चुरानी पड़ेगी| |
| **आँख का तारा** | क्षितिज अपने माँ-बाप की आँख का तारा है| |
| **नजरे फेर लेना** | अपना काम निकते ही तुम मुझ से नजरें फेरनए लगे हो| |
| **आंखों पर परदा पडना** | पुलिस गलत काम देख फिर भी आँख पर पर्दा डाले बैठी है| |

**माँ**

**"याद आती रतन से अधिक**

**उसकी माँ की आँखों में झलकती उसकी बेबसी"**

**प्रश्न 1. रतन की मां की आंखों में किस तरह की बेबसी झलकती होगी?**

**उत्तर-** रतन की मां की आंखों में अपने बच्चे के न बोलने की बेबसी झलकती होगी| मां को यह बेबसी ने बोलने से उसके बच्चे को पीड़ा के कारण होती होगी|

**प्रश्न 2. अपनी मां के बारे में सोचते हुए नीचे लिखे वाक्य को पूरा करो-**

**(क) मेरी मां बहुत खुश होती है जब................**

**(ख) मां मुझे इसलिए डांटती है क्योंकि................**

**(ग) मेरी मां चाहती है कि मैं................**

**(घ) माँ उस मैं बहुत बेबस होती है जब................**

**(ङ) मैं चाहती / ता हूं कि मेरी मां................**

**उत्तर-**(क) मेरी मां बहुत खुश होती है जब मैं पढ़ाई करता हूं

(ख) मेरी माँ इसलिए ड़ाटती है क्योंकि मैं शरारती हूं|

(ग) मेरी मां चाहती है कि मैं बड़ा होकर डॉक्टर बनूं|

(घ) माँ उस समय बहुत बेबस हो जाती है जब मैं घर देर से पहुंचता हूं|

(ड) मैं चाहती/ता हूं कि मेरी मां का आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहे|